## कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने जारी किया आनलाइन लिंक

# अब ट्रेनिंग के लिए कोई भी किराये पर ले सकेगा प्रदेश के राजकीय आईटीआई की टूल, मशीनरी एवं अन्य उपकरण

## आम व्यक्ति को महंगी व आधुनिक ट्रेनिंग के लिए नहीं जाना होगा दूर

नरेश पंवार ▶▶| कैथल

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

अब आम व्यक्ति या मैकेनिक को महंगी व आधुनिक ट्रेनिंग के लिए दूर के महानगरों में जाने की जरूरत नहीं होगी। अब उसे प्रशिक्षण के लिए नाममात्र किराये पर उसके गृह जिले में राजकीय आईटीआई की टूल, मशीनरी व उपकरण मिले सकेंगे। इसके लिए कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने आईटीआईज हरियाणा की वेबसाइट पर वर्कशाप के नाम से आनलाइन लिंक भी जारी कर दिया गया है। यह सुविधा प्रदेश भर के राजकीय आईटीआई में 5 दिसंबर से शुरू हो चुकी है। बता दें कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा प्रदेश में करीब 190 राजकीय आईटीआई चलाए जा रहे हैं जिनमें करीब 70 प्रकार के इंजीनियरिंग व नॉन इंजीनियरिंग कोर्स करवाए जा रहे हैं।

मंडे स्पेशल



### विभाग को हो सकता है करोड़ों का फायदा

यदि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की यह योजना सिरे चढती है तो इससे जहां विभाग को करोडों का फायदा होगा तो वहीं इससे आईटीआई में पडी करोडों की मशीनरी का सदुपयोग हो सकेगा।

### आधुनिक मशीनरी पर अनुदेशक देंगे प्रशिक्षण

बता दें कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने प्रदेश भर के राजकीय आईटीआई में करोड़ों रुपये की आधुनिक मशीनरी मुहैया करवाई हुई। इसके साथ ही आईटीआई में सभी योग्य व अनुभवी अनुदेशक हैं। आईटीआई में पढने वाले विद्यार्थियों को इन मशीनों पर प्रायोगिक प्रशिक्षण देने के बाद यह मशीनरी प्रतिदिन करीब 3 से 4 घंटे खाली पडी रहती हैं। इनका सदुपयोग करने के लिए ही विभाग ने यह योजना लागू की है। बता दें कि प्रदेश की अधिकतर राजकीय आईटीआई में मैकेनिक विभाग में सीएनसी, मिग एंड टिग आदि मशीन हैं जिसकी करीब 20 लाख से अधिक होने के कारण यह बाजार में आसानी से मुहैया नहीं होती।

### यू होगा किराया व प्रशिक्षण

निदेशालय द्वारा जारी दिशानिर्देशानुसार जो भी व्यक्ति राजकीय आईटीआई की किसी भी प्रकार की मशीनरी पर प्रशिक्षण लेना चाहता है तो उसे आईटीआईज हरियाणा की वेबसाइट पर स्वयं को आनलाइन पंजीकृत करना होगा। इसके बाद विभागीय पोर्टल के माध्यम से जो भी मशीनरी प्रयोग करना चाहता है उसका शेडयूल चैक करेगा। जिस भी आईटीआई के पोर्टल पर यह मशीन दिखाई देगा तो उसे क्लिक करते हुए 300 रुपये प्रति घंटा की दर से आनलाइन बुक करेगा। इसके बाद वह रसीद को संबंधित आईटीआई में दिखाते हुए आईटीआई के अनुदेशक से संबंधित विषय पर प्रशिक्षण हासिल कर सकेगा। आईटीआई के अनुदेशक उसे संबंधित मशीन पर सभी प्रकार के सुरक्षा उपकरण मुहैया करवाते हुए उसे प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण हेतु आवदेनकर्ता को रा मैटीरियल का अतिरिक्त खर्च देना होगा।

**विशेषज्ञ की रायः** आईटीआई के विशेषज्ञ सेवानिवृत अनुदेशक राजपाल ने बताया कि विभाग की यह योजना बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने बताया कि आईटीआई के कोर्सों में सभी प्रकार की प्रायोगिक प्रशिक्षण करीब 3 से 4 घंटे तक होता है। इसके बाद वह मशीनरी खाली पडी रहती है। यही नहीं प्रयोग न होने के बावजूद आईटीआई को न्यूनतम बिजली बिल की अदायगी भी करनी होती है। इस योजना से जहां राजकीय आईटीआई की टूल, मशीनरी अप टू डेट होगी तो विभाग को करोडों का लाभ होगा।

### फीस निर्धारित पोर्टल पर भुगतान करना होगा



निदेशालय के आदेशानुसार अब कोई भी व्यक्ति आनलाइन पोर्टल के माध्यम से किसी भी टूल व मशीनरी पर प्रशिक्षण हासिल कर सकता है। इसके लिए उसे निर्धारित पोर्टल पर फीस का भुगतान करना होगा। इसके लिए सभी आईटीआई अपने से संबंधित टूल, मशीनरी व उनका शेडयूल अपलोड कर रहे हैं। **-सतीश मच्छाल**, आईटीआई कैथल के नोडल अधिकारी एवं प्रधानाचार्य, राजकीय आईटीआई कैथल

## खबर संक्षेप

### बैंक कर्मचारी से धोखाधड़ी 18900 रुपये ठगे

**नारनौल।** साइबर ठगों ने एक व्यक्ति से बैंक कर्मचारी बनकर अज्ञात ने 18 हजार 900 रुपये की धोखाधड़ी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर थाना साइबर में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।शहर के दशमेश नगर मोहल्ला गस्तीवाड़ा निवासी परमानंद दीवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने मोबाइल पर नेट बैंकिंग सुविधा शुरू कराने के लिए गूगल पर एक अज्ञात वेबसाइट पर आवेदन किया था।

### चेक बाउंस के आरोपी को एक साल की सजा

**रेवाड़ी।** प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट आकाश सरोहा की अदालत ने चेक देकर उसका भुगतान न करने पर आरोपी को 1 साल की सजा व चेक राशि का डेढ़ गुना मुआवजा शिकायतकर्ता को दिए जाने के आदेश दिए हैं। 7 साल 7 महीने और 27 दिन चले इस मामले में चेक देने वाले को आरोपी करार देते हुए प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सजा सुनाई है।

### बदमाशों ने व्यापारी से नकदी, सोने की चेन लूटी

**नारनौल।** नेशनल हाईवे नंबर 148 बी पर शनिवार सायं को एक किराना व्यापारी के साथ लूट की वारदात सामने आई है। बदमाशों ने व्यापारी को पिस्टल दिखाकर न केवल उसकी मारपीट की, बल्कि नकदी, सोने की चेन व अन्य सामान लूटकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस बारे में गांव गहली निवासी आकाश ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने भोजावास बस स्टैंड के पास गांव सिलारपुर में हाईवे पर किराना स्टोर कर रखा है। पीड़ित ने बताया कि शनिवार देर सायं करीब साढ़े छह बजे वह अपनी दुकान बंद कर मंडी से सामान लेने के लिए निकला था।

### पेट्रोलियम पाइप से तेल चोरी करने का आरोपी धरा

**रेवाड़ी।** सीआईए धारूहेड़ा इंचार्ज निरीक्षक योगेश हुड्डा की टीम ने हिंदुस्तान पट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड की मुद्रा-दिल्ली पाइप लाइन से तेल चोरी करने के प्रयास करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझी : यमुनानगर में सिर कटी महिला की हुई शिनाख्त

# लिवइन में थी, शादी का दबाव बनाया तो लड़की की गला काटकर हत्या

### प्रेमी बिलाल गिरफ्तार सिर को धड़ से अलग करके कलेसर जंगल में फेंका था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के प्रतापनगर क्षेत्र के गांव बहादुरपुर में पॉपुलर की नर्सरी में करीब एक सप्ताह पहले मिली सिर कटी अर्धनग्न महिला की लाश की शिनाख्त हो गई है। मृतका की पहचान उत्तर प्रदेश के सहारनपुर शहर के बेहट रोड स्थित मोहल्ला रमजानपुरा निवासी 30 वर्षीय उमा के रूप में हुई। मृतका की हत्या उसके प्रेमी ने थी। इस बात का खुलासा मामले में गिरफ्तार किए गए मृतका के प्रेमी ने किया है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी बिलाल के परिजनों ने उसकी शादी कहीं और तय कर दी थी। शनिवार को बिलाल की बहन की शादी थी। जबकि आज बिलाल की बारात जानी थी। ऐसे में उमा बिलाल पर शादी का दबाव बना रही थी। पिछले रविवार को बिलाल ने उमा को रास्ते से हटाने के लिए उसकी हत्या की साजिश रची और उसे गाड़ी में बैठाकर यमुनानगर के प्रतापनगर क्षेत्र में लेकर पहुंचा। यहीं पर उसने पहले गाड़ी की सीट बैल्ट से उमा का गला घोंटा और फिर शव को खेतों में ले जाकर उसकी पहचान छिपाने के लिए तेजधार हथियार से गर्दन काट दी। इतना ही नहीं आरोपी उसका कटा हुआ सिर और कपड़े अपने साथ ले गया। जिसे उसने कलेसर के जंगल में फेंक दिया।



**यमुनानगर।** ब्लाइंड मर्डर केस के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल व पास में खड़ा हुआ आरोपी युवक। फोटोः हरिभूमि

### पहले से शादीशुदा थी उमा, एक बच्चे की मां

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि उमा पहले से शादीशुदा थी और एक बच्चे की मां भी थी। लेकिन वह कई सालों से अपने पति से अलग रह रही थी। उमा का कई सालों अपने परिवार वालों से भी कोई संपर्क नहीं था। बिलाल ड्राइवरी करता है। ऐसे में दो साल पहले इन दोनों की सहारनपुर में ही मुलाकात हुई थी। तब से दोनों लिव-इन में रह रहे थे। उमा का सारा खर्च बिलाल ही उठाता था। पुलिस ने उमा के परिजनों से संपर्क साधा है। एसपी ने बताया कि उमा के पिता व भाई को बुलाया गया है। शव का संस्कार शुक्रवार को किया जा चुका है। बिलाल की आज बारात जाने वाली थी। पुलिस ने एक दिन पहले ही शनिवार रात को बिलाल को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया था।

## नाबालिग की हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर फेंका, दो युवक काबू

### प्रेम प्रसंग का मामला

**टोहाना।** शहर में प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फैंकने का मामला सामने आया है। नाबालिग बालक की हत्या के इस सनसनीखेज मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सुरेन्द्र खोबड़ा पुत्र कर्मबीर खोबड़ा निवासी प्रेम नगर, टोहाना तथा अमन पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी राम नगर, टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर



टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि 10 दिसंबर को शक्ति नगर टोहाना निवासी दीपक कुमार द्वारा अपने 16 वर्षीय पुत्र के लापता होने संबंधी शिकायत दर्ज करवाई गई थी। शिकायत के आधार पर थाना शहर टोहाना में 10 दिसंबर को धारा 127(6) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि आरोपी सुरेंद्र एक लडकी से इंस्टाग्राम पर बात करता था। इसी लडकी से पीयूष ने भी बातचीत शुरू कर दी थी। सुरेंद्र ने पीयूष को कई बार समझाया, लेकिन वह नहीं माना। इसके बाद सुरेंद्र और अमन ने पीयूष की हत्या की योजना बनाई, सुरेंद्र और अमन को घर से बुलाकर ले गए।



**जींद।** घटना की जानकारी हासिल करते हुए मंत्री कृष्ण बेदी। फोटोः हरिभूमि

### नरवाना में घटना से मचा हड़कंप

# पर्ची थमा कपड़ा कारोबारी से मांगी 50 लाख की चौथ

### जाते समय बदमाश ने चलाई गोली, तीन दिन का दिया का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद/नरवाना

नरवाना के अपोलो चौक पर रविवार दोपहर को फैशन कपड़े के कारोबारी से पहले बदमाशो ने धमकी भरी पर्ची देकर पचास लाख रुपये की चौथ मांगी। फिर दुकान पर फायर भी किया गया। जिसमें दुकान में मौजूद ग्राहक बाल-बाल बच गए। धमकी भरी पर्ची में दुकानदार को तीन दिन का समय दिया गया है। चौथ न देने पर गोली मारने की धमकी दी गई है। थाना नरवाना प्रभारी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कैबिनेट मंत्री बेदी भी मौके पर पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन दिया। मॉडल टाऊन निवासी नरेंद्र ने अपोलो चौक पर फैशन कपड़े की दुकान है। रविवार दोपहर को नरेंद्र अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। उसी



दौरान एक युवक दुकान के अंदर आया और नरेंद्र को धमकी भरी पर्ची थमा दी। जिसके बाद युवक दुकान से बाहर निकला और शीशे पर फायर कर दिया। जिससे दुकान का शीशा टूट गया। वारदात को अंजाम देकर बदमाश शहर की तरफ फरार हो गया। घटना से हडकंप मच गया। घटना की सूचना पाकर शहर थाना नरवाना प्रभारी आत्मा राम, सीआईए स्टाफ कर्मी मौके पर पहुंच गए और हालातों का जायजा लिया। पूरी वारदात दुकान के अंदर तथा बाहर लगे सीसी टीवी कैमरे मे कैद हो गई। बाद में पुलिस ने पूरे इलाके की नाकेबंद कर तलाशी अभियान भी चलाया लेकिन बदमाश का कोई सुराग नहीं लगा।

### चावल खरीद के नाम पर गुहला के चार व्यापारियों से करोड़ों की धोखाधडी, केस दर्ज

**कैथल।** कैथल जिले के गुहला चीका क्षेत्र में करनाल के एक व्यापारी ने चार राइस मिलरों से चावल खरीद के नाम पर करीब सवा करोड की धोखाधडी करने मामला प्रकाश में आया है। पहले मामले में चीका के रविंद्र कुमार ने गुहला थाना में दी शिकायत में बताया कि गंगा ओवरसीज करनाल के मैनेजर संदीप व साहिल गर्ग ने उनसे कुछ समय पहले सौदा किया था कि वे उनसे चावल के खरीद करेंगे। इस पर उसने नवंबर माह में आरोपियों को 27 लाख 65 हजार रुपए के चावल दे दिए। चावल लेने के बाद आरोपियों ने उसकी पेमेंट नहीं की और उनके साथ धोखाधड़ी की। दूसरे मामले में चीका के जय नारायण ने अपनी शिकायत में बताया कि उपरोक्त दोनों आरोपियों ने उससे 48 लाख 48 हजार रुपए से ज्यादा रुपए का चावल खरीद लिया। बाद में उसकी पेमेंट नहीं की। जब उससे पेमेंट मांगी, तो आरोपियों ने पहले टालमटोल किया लेकिन बाद में पेमेंट देने से बिल्कुल मना कर दिया। चीका के सूरजभान ने गुहला थाना में दी शिकायत में बताया कि गंगा ओवरसीस करनाल के मैनेजर संदीप व साहिल गर्ग ने बीते माह में उससे 49 लाख 25 हजार रुपए का चावल खरीदा।

### बहुचर्चित रेलू राम हत्याकांड में आरोपी संजीव अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर

**करनाल।** बहुचर्चित रेलू राम सामूहिक हत्याकांड में पूर्व विधायक रेलू राम पुनिया समेत परिवार के आठ लोगों की हत्या के आरोपी संजीव को अंतरिम जमानत मिल गई है। करनाल जेल से रिहा होने के बाद मीडिया से बातचीत से बचते हुए उसने कहा कि वह तीन दिन बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा। संजीव की रिहाई के बाद उसकी पत्नी सोनिया को भी एक-दो दिन में अंतरिम जमानत मिलने की संभावना जताई जा रही है। हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को मामले में दो महीने में फैसला लेने के निर्देश देते हुए दोनों को समयपूर्व राहत दी थी। रिहाई के दौरान संजीव के परिजन उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से करनाल पहुंचे। जेल से बाहर आते ही संजीव नीली कार में बैठकर रवाना हो गया और मीडिया कैमरों से बचने के लिए चेहरा ढक लिया। उधर, मृतक रेलू राम पुन्हिया के परिजनों ने संजीव की रिहाई पर सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है और पुलिस से सुरक्षा की मांग की है। संजीव के अधिवक्ता दीपमाला महक ने कहा कि जेल सुधारगृह है और व्यक्ति को सुधार का अवसर मिलना चाहिए।

## एशियन यूथ गेम्स-2025 में स्वर्ण पदक जीतने वाले कबड्डी खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बहरीन में आयोजित एशियन यूथ गेम्स-2025 में स्वर्ण पदक जीतने वाली लड़के एवं लड़कियों की भारतीय कबड्डी टीमों के सदस्य रहे हरियाणा के खिलाड़ियों के एक प्रतिनिधिमंडल को सम्मानित किया। ये खिलाड़ी मुख्यमंत्री से चंडीगढ़ आवास संत कबीर कुटीर में मिले। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने टीम के कप्तान ईशांत राठी सहित सभी खिलाड़ियों को उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत और हरियाणा का नाम रोशन करने वाले युवा



खिलाड़ियों से मिलना उनके लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल एक खेल प्रतियोगिता में विजय नहीं है, बल्कि हरियाणा की ग्रामीण संस्कृति, कठोर अनुशासन, मजबूत इच्छाशक्ति और युवाओं की जुझारू भावना की जीत है।

### एएसआई संदीप लाठर सुसाइड केस

# जुलाना खाप ने पंचायत में गठित की 11 सदस्यीय कमेटी, सीएम से करेगी मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा पुलिस के एएसआई संदीप लाठर सुसाइड केस में खाप पंचायत ममेरे भाई संजय देशवाल के ऑफिस में पहुंची और मामले को लेकर चर्चा की। पंचायत के दौरान जुलाना से आई खाप ने संजय देशवाल से अब तक हुई कार्रवाई के बारे में जानकारी ली। जुलाना खाप ने पंचायत में गठित की 11 सदस्यीय कमेटी जो सीएम से मुलाकात करेगी। संजय देशवाल ने पंचायत को बताया कि सरकार से कई बार बात की गई लेकिन हर बार आश्वासन ही दिया गया है। संजय देशवाल ने पंचायत में बताया कि उनकी सीएम नायब सिंह सैनी के प्रधान चीफ सेक्रेटरी राजेश खुल्लर से भी बात हुई और



आश्वासन मिला कि जल्द ही संदीप लाठर के परिवार को नौकरी दी जाएगी। इसके अलावा उनकी सीएम, कैबिनेट मंत्री कृष्ण पंवार, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर से भी बात हुई, लेकिन कोई फैसला अभी तक नहीं हो पाया। परिवार को न आर्थिक मदद मिली है और न ही संदीप लाठर को शहीद का दर्जा मिला है।

### नहीं मिली आर्थिक मदद

संजय देशवाल ने पंचायत को बताया कि डीजीपी की ओर से एक लेटर जारी हुआ था, जिसमें सभी पुलिस कर्मियों की एक दिन की सेलरी देने की बात कही गई थी। इसके लिए पुलिस अधिकारियों का स्लैब भी बनाया गया था। लेकिन अभी तक प्रदेशभर के पुलिस कर्मियों की एक दिन की सेलरी नहीं मिली है।

### सियासत | पांच प्रमुख दावेदारों के बीच बताया जा रहा कड़ा मुकाबला

### प्रदेश अध्यक्ष बडौली को एक बार फिर मौका दिया जा सकता है

# हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को लेकर सुगबुगाहट, कई नामों को लेकर अटकले

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष का फैसला जल्द ही होने जा रहा है। इस पर दिल्ली हाईकमान में चिंतन मंथन हो चुका है। माना जा रहा है कि आने वाले दस दिनो में इस पर स्थिति साफ हो जाएगी भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि हरियाणा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा भाजपा नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम को लेकर विचार मंथन के बाद में सहमति भी बनाई जा चुकी है। इस पद के लिए चुनाव कराने के लिए औपचारिकता बाकी बची है।

चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत होते ही हरियाणा को भी भाजपा नया अध्यक्ष मिल मिलने जा रहा है। प्रदेशाध्यक्ष का करीब आठ दावेदारों के नाम सियासी गलियारों में चल रहे थे। जिनमें से तीन नामों को हटाकर बात करें, तो पांच प्रमुख दावेदारों के बीच मुकाबला होने जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि पार्टी के मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली को एक बार फिर से जिम्मेदारी सौंपे जाने की भी चर्चा है। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए चार अन्य नाम भी अंतिम चर्चा में शामिल हैं।

भाजपा प्रदेश महामंत्री रह चुके मौजूदा प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी वेदपाल का नाम सबसे अधिक भी चर्चा में हैं। करनाल के पूर्व सांसद संजय भाटिया, भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं कार्यालय प्रमुख सुरेंद्र पुनिया और मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव रहे अजय गौड़ के नामों पर भी गंभीर चर्चा हो चुकी है। सूत्रों का यह भी कहना है कि पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल के किसी नजदीकी की भी नियुक्ति होने की प्रबल संभावनाएं हैं।

इनके अलावा दावेदारों में पूर्व वित्त मंत्री और कई राज्यों में प्रभारी सहप्रभारी के तौर पर सेवाएं दे चुके कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व मंत्री असीम गोयल, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, मंत्री कृष्ण बेदी और कृष्ण लाल पंवार, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल और पूर्व विधायक दीपक मंगला का नाम भी लिया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष पद के दावेदारों में यह नाम अच्छी खासी चर्चा में हैं।

### आलाकमान से सीएम कर चुके हैं चर्चा

मुख्यमंत्री नायब सैनी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में मिले थे। सरकार की विकास परियोजनाओं की जानकारी देने के साथ ही नायब सिंह सैनी की पीएम मोदी और अमित शाह से हरियाणा भाजपा अध्यक्ष के नाम पर चर्चा हुई।शनिवार रात को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आरएसएस के एक प्रमुख पदाधिकारी के साथ चर्चा की है। इसमें प्रदेश अध्यक्ष का नाम लगभग तय हो गया है। सूत्र बताते हैं कि चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों के नामों की घोषणा जल्द ही कर दी जाएगी। केंद्रीय पर्यवेक्षक चुनाव प्रणाणी से प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव कराएंगे। यह भी बताया जा रहा है कि बडौली के साथ में कुछ अन्य नेताओं ने नामांकन किया, तो बाकी को नाम वापस लेने के लिए मना लिया जाएगा और बडौली को एक बार फिर सि जिम्मेदारी दी जाएगी।

### चुनाव में 117 मतदाता

भाजपा संगठनात्मक चुनाव की बात करें और आंकड़ों पर गौर करें, तो 117 मतदाता हैं। जिनमें 27 जिलाध्यक्ष और 90 हलका अध्यक्ष शामिल हैं। चुनाव प्रक्रिया पूरी करने के लिए उन्हें पार्टी के रोहतक अथवा पंचकूला कार्यालय में बुलाया जा सकता है।

